

युवा मस्तिष्क को नई दिशा देने के लिए विश्वविद्यालय शिक्षक के द्वारा "यस यू आर द विनर" पुस्तक का लेखन।

जयपुर– 16 मार्च। राजस्थान विश्वविद्यालय के कैमिस्ट्री डिपार्टमेंट के प्रतिभावान असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार मुवाल जो कि आई.आई. टी. दिल्ली से पीएच.डी धारक हैं, ने वर्तमान परिपेक्ष्य में युवाओं के प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार में चमत्कारिक सफलता के विशिष्ट उपायों को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से **यस यू आर द विनर** नाम से एक आकर्षक पुस्तक का लेखन किया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में भी असिस्टेंट प्रोफेसर रहे डॉ. मुवाल ने इस पुस्तक में युवाओं की तेजी से निराशा के भाव में बढ रही मनोदशा को एक नया रूप देने के लिए अपने अनुभव के आधार पर कई सरल तरीकों एवं उपायों का उल्लेख किया है। पुस्तक मे कई ऐसे सिद्धांत बताए गए हैं जिनसे युवाओं के निराशापूर्ण एवं प्रतिस्पर्द्धात्मक जीवन का सामना करने के लिए एक नई दिशा तय हो सकती है विशेष रूप से युवा मस्तिष्क एवं मनोदशा में उत्पन्न होने वाली विपरीत स्थिति से लडने के आकर्षक सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है। यह पुस्तक युवाओं का वर्तमान परिपेक्ष्य में भविष्य संवारने में एक प्रभावी भूमिका अदा करेगी।

पिछले 03 वर्षों से इस पुस्तक की विषय सामग्री का बडी बारीकी से अध्ययन कर रहे विश्वविद्यालय के इस प्रतिभावान शिक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली GATE परीक्षा में 7वां स्थान प्राप्त किया था।

जनसम्पर्क अधिकारी